तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 रानो स्कूल में मनाई गई मकर संक्रांति का पर्व



8 सुधा वाटिका में मूर्ति खंडन की घटना का पुलिस ने ...



## खबर संक्षेप

### जिले डाइट में 19 से बालवाड़ी प्रशिक्षण का आगाज

**बेमेतरा।** शहर स्थित जिला शिक्षा संस्थान डाइट में शासन की महत्वपूर्ण योजना बालवाड़ी प्रशिक्षण का आयोजन 19 जनवरी से किया जाएगा। डाइट के प्राचार्य जेके घृतलहरे ने बताया कि प्रथम चरण के अंतर्गत दिनांक 19 जनवरी से 21 जनवरी तक तीन दिवस बालवाड़ी प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। जिसमें चारों विकास खंड के 40-40 कुल 160 शिक्षक शिक्षिकाएं भाग लेंगे। दूसरे चरण का प्रशिक्षण 22 जनवरी से 24 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में भी प्रत्येक विकासखंड से 40-40 कुल 160 शिक्षक शिक्षिकाएं भाग लेंगे। डाइट बेमेतरा में होने वाले बालवाड़ी प्रशिक्षण का समय 9:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक रहेगा। डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने बताया ऑफलाइन प्रशिक्षण के पूर्व सभी बालवाड़ी शिक्षक शिक्षिकाओं का चार दिन का ऑनलाइन का प्रशिक्षण का आयोजन भी अभी चल रहा है । इस प्रशिक्षण के उद्देश्य के बारे में बताते हुए डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने बताया की बच्चों को प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश के लिए वातावरण तैयार करना ही इसका एक मात्र उद्देश्य है। साथ ही बच्चों में अच्छी आदतों का विकास करना, बच्चों में सुनने और बोलने के कौशल का विकास करना, विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बुद्धि व व्यक्तित्व का विकास करना, पूर्व प्राथमिक विद्यालय से प्राथमिक विद्यालय में सहज रूप से पारगमन के लिए वातावरण तैयार करना। डाइट प्राचार्य ने बताया कि प्रशिक्षण प्रारंभ होने के पूर्व प्री टेस्ट और पोस्ट टेस्ट अनिवार्यता लिया जाएगा। डाइट प्राचार्य ने बताया कि इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में शीतल बैस, विधि शर्मा और भूपेंद्र कुमार साहू सभी बालवाड़ी शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे है।

### मंदिरों में चोरी करने वाले गिरोह के 2 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** मंदिर में चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना छावनी थाना क्षेत्र का है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि दुर्गा गणेश मंदिर मटका लाईन, कैम्प 2 स्थित मंदिर में बीते दिनों चोरी की वारदात हुई थी। जिसकी शिकायत समिति के अध्यक्ष ने पुलिस से किया था। अज्ञात ने मंदिर में हनुमान की मूर्ति पर लगा चाँदी का मुकुट, स्टील का बर्तन, लड्डू गोपाल की पीतल की मूर्ति समेत अन्य सामान पार हो गया था। जिसकी कीमत 20 हजार रुपए आंकी गई। पुलिस ने सीसी टीवी को खंगालना शुरु किया तो मुखबिर ने बताया कि दो लोग इस्पात नगर रिसाली निवासी रीना द्विवेदी और बालमुकुंद सोनी को पकड़ा गया। दोनों से पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया।

अपराध : आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और चाकू से हमला कर दिया था

# पुरानी रंजिश के चलते हमला, दो आरोपी गिरफ्तार, घर में घुसकर चाकू से किया था वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



खम्हरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढेंकापुर में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्या के प्रयास के इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है, जबकि दो अन्य साथियों की तलाश सरगर्मी से जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम ढेंकापुर निवासी प्रार्थी दवेंद्र वर्मा (30 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 जनवरी की शाम करीब 7 बजे जब वह अपने घर पर था, तब गांव के ही डाकवर ठाकुर, राहुल ठाकुर और उनके दो अन्य साथियों ने घर में जबरन प्रवेश किया। पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज करते हुए आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और चाकू से दवेंद्र के सिर के पीछे हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई:** प्रार्थी की शिकायत पर थाना खम्हरिया में बीएनएस की विभिन्न धाराओं (351(3), 115(2), 109(1), 333, 3(5)) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने संदेहियों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की, जिसमें आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

#### दो गिरफ्तार, दो फरार

पुलिस ने आरोपी डाकवर ठाकुर और राहुल ठाकुर को 15 जनवरी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया है। मामले में शामिल दो अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही है।

#### टीम की सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, एएसआई कृष्णा क्षत्री, प्रधान आरक्षक अजय लहरे, आरक्षक बलदेव निषाद, मुकेश चंद्रवंशी, सौरभ सिंह, रमन चंद्राकर और लेखुराम सिन्हा सहित थाना स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## देवकर में सट्टा खिलाते दो आरोपी रंगे हाथों गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/देवकर



■ 3,890 रुपए नगद व सट्टा सामग्री जब्त

जिले में अवैध जुआ और सट्टा कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर सेल और पुलिस चौकी देवकर की टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने घेराबंदी कर दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है, जो सार्वजनिक स्थानों पर सट्टा पट्टी के माध्यम से दांव लगवा रहे थे। पुलिस के अनुसार, उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि देवकर क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर सट्टा खिलाया जा रहा है। सूचना मिलते ही साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा और चौकी प्रभारी उदल राम टांडेकर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई और मौके पर दबिश दी गई। पुलिस ने निम्नलिखित दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध मामला दर्ज किया है। शिव कुमार लहरे (52 वर्ष) निवासी वार्ड क्रमांक 05, देवकर। इन्हें ओवरब्रिज के नीचे सट्टा पट्टी लिखते हुए पकड़ा गया। दिनेश यादव (30 वर्ष) निवासी वार्ड क्रमांक 13, देवकर। इन्हें बाजार चौक के पास सट्टा खिलाते हुए पकड़ा गया।

#### जब्ती और कानूनी कार्रवाई

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3,890 नगद, सट्टा-पट्टी और पेन बरामद किया है। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत कार्रवाई की गई है। थाना साजा में दोनों के खिलाफ अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इस सफल रेड में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, एएसआई उदल राम टांडेकर, आरक्षक संजय पाटिल, नुरेश वर्मा, रेखन साहू, संतोष धीवर, मुकेश माहिरे, जयकिशन साहू, विनोद सिंह और आरक्षक भूषण कारकंडे का विशेष योगदान रहा।

## ढोलिया कृषि महाविद्यालय में गूंजा वंदे मातरम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



■ सामूहिक गायन से राष्ट्रप्रेम का अनूठा संदेश

रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र ढोलिया के प्रांगण में 15 जनवरी सामूहिक "वंदे मातरम्" गायन कार्यक्रम गरिमामय एवं राष्ट्रप्रेम से परिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं, प्राध्यापकगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी उपस्थितजनों द्वारा सामूहिक रूप से "वंदे मातरम्" के सस्वर गायन के साथ किया गया, जिससे संपूर्ण परिसर देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर ने अपने संबोधन में 'वंदे मातरम्' की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, रचना एवं राष्ट्रीय महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति श्रद्धा, समर्पण और बलिदान की भावना का प्रतीक है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों में चेतना और उत्साह का संचार किया। डॉ. भंडारकर ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता, राष्ट्रगीत के सम्मान एवं अनुशासन के महत्व को समझाते हुए कहा कि युवाओं की सकारात्मक सोच, अनुशासित जीवन और कर्मठता ही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने सभी को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी जनों ने गंभीरता, अनुशासन एवं सम्मान के साथ राष्ट्रगीत में सहभागिता निभाई। संपूर्ण वातावरण देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव और एकता की भावना से सराबोर रहा।

## कांग्रेस संगठन में बड़ा फेरबदल, 3 नए ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के बाद शांत पड़े कांग्रेस खेमे में अब नई हलचल शुरू हो गई है। नवागढ़ विधानसभा के अंतर्गत संगठन को मजबूती देने के लिए प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर तीन महत्वपूर्ण ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इस बदलाव से क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार देखा जा रहा है।

नवागढ़ विधानसभा के अंतर्गत निम्नलिखित ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा की गई अश्वनी अनंत अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़, गणेश राजपूत अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी संबलपुर, देवेंद्र साहू अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नांदघाट।

नई नियुक्तियों के बाद क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने खुशी जाहिर की है। पूर्व प्रदेश सचिव रितेश शर्मा ने ऊर्जावान ब्लॉक अध्यक्षों की चयन के लिए जिला अध्यक्ष आशीष छाबड़ा और प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया है।

वहीं, पूर्व जिला पंचायत सदस्य तरुण घृतलहरे ने नवनियुक्त अध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए समन्वय के साथ आगे बढ़ने और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। निर्वतमान ब्लॉक अध्यक्ष सुशील साहू ने भी नवनियुक्त अध्यक्ष देवेंद्र साहू को जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी और संगठन हित में काम करने की बात कही।

सत्ता से बाहर होने के बाद लंबे समय से कांग्रेस खेमे में सन्नाटा था, लेकिन इन नियुक्तियों ने 'डेड सेल' की तरह काम कर रहे संगठन में जान फूंक दी है। जिला महामंत्री विजय यादव और आरिफ बांठिया ने कहा कि नई टीम के आने से कांग्रेस में नए उत्साह का संचार होगा। लाला कटारे, हीरा भारती, बेला रानी, नेमा निषाद सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया और व्यक्तिगत रूप से नए अध्यक्षों का स्वागत किया है।

## पिपरिया में भीषण आगजनी, ट्रैक्टर जलकर खाक





**साजा।** साजा थाना अंतर्गत ग्राम पिपरिया में बुधवार की रात एक भीषण आगजनी की घटना ने पूरे गांव में हड़कंप मचा दिया। इस हादसे में सुंदर ठाकुर नामक एक आदिवासी ग्रामीण के पैरावट (पैरा के ढेर) में अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। इस घटना में पीड़ित परिवार का एक ट्रैक्टर पूरी तरह जलकर खाक हो गया है। जानकारी के अनुसार, बुधवार रात लगभग 11:00 बजे अचानक पैरावट से आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों ने शोर मचाया। देखते ही देखते ग्रामीण एकजुट हुए और आग बुझाने की कोशिशों में जुट गए। घटना की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी गई, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि आसपास की सभी दमकल गाड़ियां 'शोपीस' बनी रहीं और समय पर उपलब्ध नहीं हो सकीं। अंततः जिला मुख्यालय से फायर ब्रिगेड की गाड़ी रात 2:00 बजे पहुंची, तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

#### साजा पुलिस और ग्रामीणों ने मोर्चा संभाला

आग बुझने तक साजा पुलिस की टीम और गांव के लोग रात भर जागकर आग पर काबू पाने का प्रयास करते रहे। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी रोष है कि आपातकालीन स्थिति में स्थानीय स्तर पर अग्निशमन की कोई व्यवस्था काम नहीं आई। 3 घंटे की देरी ने एक गरीब परिवार की मेहनत की कमाई (ट्रैक्टर) को राख में बदल दिया। फिलहाल आग लगने का स्पष्ट कारण पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि यह किसी की शरारत थी या कोई अन्य कारण। इस हादसे से पीड़ित सुंदर ठाकुर के परिवार को भारी आर्थिक क्षति हुई है, जिसके बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

निपुण भारत और एफएलएन पर दिया जोर

## एससीईआरटी रायपुर की टीम ने किया नवागढ़ में शिक्षक प्रशिक्षण का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को तृतीय दिवस को जोन पुटपुरा, विकासखंड नवागढ़, जिला बेमेतरा में प्रशिक्षण का निरीक्षण एससीईआरटी रायपुर की टीम द्वारा किया गया।

इस दौरान एससीईआरटी से एसआरजी एवं एफएलएन जिला प्रभारी बेमेतरा सुमीत कुमार पाण्डेय तथा जिला एफएलएन प्रशिक्षण निरीक्षण टीम से डाइट बेमेतरा के सहायक प्राध्यापक प्रहलाद कुमार टिकरिहा उपस्थित रहे। तृतीय दिवस के निरीक्षण के दौरान जोन मेहना में सुमीत कुमार पाण्डेय द्वारा निपुण भारत मिशन, एफएलएन, नई शिक्षा नीति 2020, एनसीएफ फाउंडेशनल स्टेज 2022, बहुभाषी शिक्षण, संतुलित भाषा शिक्षण पद्धति, फोर ब्लॉक मॉडल (मौखिक भाषा, डिकोडिंग, पठन एवं लेखन), आकलन, ट्रैकर तथा गणितीय कौशल एवं गणित के विभिन्न अप्रोच व घटकों पर प्रशिक्षणार्थियों से फीडबैक लिया गया। वहीं डाइट बेमेतरा के सहायक प्राध्यापक प्रहलाद कुमार टिकरिहा ने बच्चों को खेल, गीत एवं कविताओं के माध्यम से रोचक तरीके से शिक्षा देने की विधियों पर विस्तार से जानकारी दी और गतिविधि आधारित शिक्षण के महत्व को बताया। बीआरजी जोन मेहना शांत कुमार पटेल एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से वसीम सर द्वारा बुनियादी गणित, उसके घटक, साप्ताहिक, सांविधिक एवं वार्षिक आकलन, ट्रैकर, गणित पाठ योजना के ब्लॉक-मौखिक गणितीय बातचीत, मुख्य दक्षताओं की शिक्षण गतिविधियाँ, कौशल अभ्यास एवं गणितीय खेलों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों से समूहों में डेमो भी करवाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीएससी (एफएलएन प्रशिक्षण जोन प्रभारी) नांदघाट बसंत कुमार साहू, सीएससी बदनारा अशोक कुमार भारती, सीएससी मेहना भोजसिंह वर्मा, हाई स्कूल मेहना के प्राचार्य फागुराम भास्कर, हायर सेकेंडरी स्कूल भदराली के प्राचार्य सेऊकराम साहू, पूर्व माध्यमिक शाला मेहना की प्रधानपाठक प्रतिभा शर्मा, कौशल अवस्थी, व्याख्याता परमेश्वर साहू सहित समस्त प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

दण्डी स्वामी ने की मानस वटवृक्ष की सराहना

## रामकथा का राज्यस्तरीय मंच, 20 मानस मंडलियों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



मां भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा के तत्वावधान एवं श्री गुरूपद सेवा समिति लोलेसरा के आयोजन में 11 से 13 जनवरी तक आयोजित राज्यस्तरीय व्याख्यानमाला प्रतियोगिता एवं जिला मानस संघ का वार्षिकोत्सव 13 जनवरी को भव्य एवं श्रद्धामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

तीन दिवसीय इस आयोजन में धर्म, संस्कृति और बौद्धिक चेतना का सशक्त संगम देखने को मिला। राज्यस्तरीय व्याख्यानमाला प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से चयनित 20 मानस मंडलियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता के दौरान सभी मंडलियों ने उच्च स्तरीय प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भावविभोर किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मंडलियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में व्याख्या पक्ष के लिए ठोकेलाल देवांगन एवं संगीत पक्ष के लिए रिझन सेन शामिल रहे, जिनके निष्पक्ष निर्णयों की सराहना की गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से पधारे दण्डी स्वामी श्रीमद् ज्योतिर्मयानंद ने अपने आशीर्वचन में मां भद्रकाली जिला मानस संघ द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि चतुर्मास अवधि में प्रतिदिन 2 से 3 मानस मंडलियों की प्रस्तुति सपाद लक्षेश्वरधाम सलधा में कराना अत्यंत सराहनीय एवं अनुकरणीय कार्य है, जिससे जनमानस में रामकथा के प्रति आस्था मजबूत हो रही है। इस अवसर पर मानस वट वृक्ष का रोपण भी किया गया।

#### विशिष्ट जनों की उपस्थिति और सम्मान

मानस दर्शन जीवन अर्पण छत्तीसगढ़ के प्रमुख दीपक गुहा ने नवोदित व्याख्याकारों के लिए डिजिटल संवाद किया। उन्होंने व्याख्यान शैली, विषय चयन तथा आधुनिक माध्यमों के उपयोग पर मार्गदर्शन देते हुए युवाओं को प्रेरित किया। आयोजन में प्रदेशभर से मानस संघों के पदाधिकारी, संत, विद्वान एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन उत्तम साहू, कल्याणी सेन, संतोष साहू एवं लखन वर्मा ने किया। कार्यक्रम प्रभारी विष्णु साहू द्वारा अतिथियों को स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर मां भद्रकाली जिला मानस संघ के अध्यक्ष देवलाल सिन्हा एवं श्री गुरूपद सेवा सत्संग समिति लोलेसरा के अध्यक्ष गजेन्द्र वर्मा ने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में तेखन सिंह वर्मा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

## नपा अध्यक्ष ने हितग्राहियों को सौंपे अनुज्ञा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



■ पीएम आवास योजना से साकार हो रहे गरीबों के सपने

नगर पालिका परिषद बेमेतरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत भवन अनुज्ञा पत्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 21/16 की हितग्राही श्रीमती लीला बाई एवं श्रीमती फुहारा बाई को आवास निर्माण हेतु भवन अनुज्ञा पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के सपनों को साकार करने वाली योजना है। उन्होंने कहा कि यह योजना समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को पक्का और सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। नगर पालिका अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना है, जिससे उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आए। उन्होंने यह भी बताया कि नगर पालिका द्वारा योजना के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता बरती जा रही है, ताकि अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, सभापति नीतू कोठारी, निखिल साहू, राजू साहू, लक्की साहू, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं लाभार्थी परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे।

# सामाजिक बहिष्कार के मामले में नहीं पहुंचा आरोपी पक्ष, अब महिला थाना पुलिस करेगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज प्रेरणा सभा कक्ष, बालगृह परिसर पांच बिल्डिंग, महिला एवं बाल विकास कार्यालय दुर्ग में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर जनसुनवाई आयोजित की गई। इस अवसर पर आयोग की सदस्य श्रीमती ओजस्वी मंडावी एवं सह-प्रभारी श्रीमती लक्ष्मी वर्मा उपस्थित रहीं। यह जनसुनवाई प्रदेश स्तर पर आयोग की 358वीं तथा दुर्ग जिले की 13वीं जनसुनवाई थी, जिसमें कुल 35 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। सामाजिक बहिष्कार के एक मामले में अनावेदक यानी आरोपी पक्ष नहीं पहुंचा, इस वजह से सुनवाई नहीं हो सकी। महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने इस मामले में महिला थाना पुलिस को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का आदेश दिया।

सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका द्वारा अपने पिता के विरुद्ध चल रहे प्रकरण से बचाव हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। सुनवाई में यह तथ्य सामने आया कि संबंधित प्रकरण में न्यायालय द्वारा सजा दी जा चुकी है, जिससे प्रकरण न्यायालय में लंबित होने के कारण आयोग द्वारा नस्तीबद्ध किया गया। एक अन्य प्रकरण में उभय पक्षों द्वारा यह बताया गया कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है, अतः प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया।

भाई-बहन के बीच पुश्तैनी संपत्ति से संबंधित विवाद में दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से समाधान पर सहमति व्यक्त की। इंदिरा मार्केट स्थित लगभग 1000 वर्गफीट भूमि के तीनों हिस्सेदारों ने संपत्ति के विभाजन अथवा विक्रय के विकल्पों पर सहमति जताई, जिसके आधार पर प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया।

## राज्य महिला आयोग ने की जनसुनवाई, कई मामलों का आपसी समझौते से निराकरण

### शा. शिक्षकों के बीच चल रहा विवाद, शिकायत की वापसी पर सुलझा

दो शासकीय शिक्षकों के मध्य पारिवारिक विवाद में आपसी समझौता होने पर सुलहनामा प्रस्तुत किया गया। दोनों पिछले छह माह से साथ रह रहे हैं तथा आवेदिका द्वारा प्रकरण वापस लेने की इच्छा व्यक्त किए जाने पर प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। इसी प्रकार, एक अन्य प्रकरण में पति-पत्नी के बीच समझौता होने की सूचना प्राप्त होने पर भी प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। एक प्रकरण में अनावेदकों की अनुपस्थिति के कारण सामाजिक बहिष्कार से संबंधित मामले की जांच महिला थाना प्रभारी दुर्ग को सौंपी गई। महिला थाना प्रभारी को एक माह के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। कुछ प्रकरणों में यह पाया गया कि धारा-9, भरण-पोषण एवं तलाक से संबंधित मामले न्यायालय में लंबित हैं, जिसके कारण आयोग द्वारा उन्हें नस्तीबद्ध किया गया।



### कई आवेदनों की सुनवाई अटकी, नहीं पहुंचा अनावेदक पक्ष

कुछ मामलों में अनावेदकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु संबंधित थानों एवं जिला प्रशासन के माध्यम से नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए तथा आगामी सुनवाई फरवरी एवं मार्च 2026 में निर्धारित की गई। एक प्रकरण में आवेदिका द्वारा ओयो होटल के समीप खरीदी गई भूमि पर निर्माण में अवरोध एवं होटल में अवैध गतिविधियों की शिकायत की गई। इस संबंध में महिला थाना प्रभारी को होटल का औचक निरीक्षण कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही एवं आवश्यकता पड़ने पर एफआईआर दर्ज कर एक माह के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इस प्रकरण की आगामी सुनवाई रायपुर में होगी। कुम्हार समाज की महिलाओं को भूमि आबंटन से संबंधित प्रस्ताव पर आयोग ने स्पष्ट किया कि यह विषय आयोग के कार्यक्षेत्र से बाहर है। आवेदिकाओं को छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड एवं संबंधित विभागों से संपर्क करने की समझाइश दी गई। जनसुनवाई के दौरान आवेदिकाओं को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया तथा कई प्रकरणों में आदेश-शीट एवं नोट-शीट की प्रतियां निःशुल्क उपलब्ध कराई गई।

## खबर संक्षेप



### नया बस स्टैंड लटक रहा दुर्घटना का सामान

**दुर्ग।** नया बस स्टैंड दुर्ग में छज्जे के ऊपर डेकोरेट किया गया था, जो बारिश के समय गिर गया था। इससे एक स्थानीय फल व्यवसाय दुर्घटना की चपेट में आते-आते बचा। उसके बाद ऊपर में ही एक 20 किलो से ज्यादा वजन का स्लैब एवं 20-25 किलो का एल्युमिनियम शीट अधर में लटका हुआ है। यह कभी भी गिर सकता है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि इस संबंध में कई बार अधिकारियों को अवगत कराया गया है। स्लैब और सीट गिरने पर कभी भी जानलेवा दुर्घटना हो सकती है। इसके बाद भी इसे गंभीरता से नहीं लिया गया है।

## अव्यवस्था : सड़क और गलियों में मवेशियों के कारण आवागमन प्रभावित

# बालाजी नगर में जल संकट के हालात गंदगी और आवारा मवेशी बने मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

वार्ड परिक्रमा

बालाजी नगर खुर्सीपार में पानी की किल्लत से लोग कई सालों से परेशान हैं। कम प्रेशर, गंदा पानी और आवारा मवेशियों की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने नगर निगम से जल्द समाधान की मांग की। नगर निगम भिलाई के जोन-4 अंतर्गत वार्ड बालाजी नगर खुर्सीपार में पानी की समस्या लगातार बनी हुई है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि पाइपलाइन में प्रेशर बेहद कम है, जिसके कारण घरों तक पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंच पा रहा। कई घरों में तो तय समय पर पानी आता ही नहीं, और आता भी है तो कुछ मिनटों में खत्म हो जाता है। लोगों ने यह भी बताया कि सप्लाई होने वाला पानी साफ नहीं रहता। कई बार पानी मटमैला और बदबूदार आता है, जिससे पीने और घरेलू उपयोग में परेशानी बढ़ गई है। मजबूरी में लोग पानी खरीदने या दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस समस्या को लेकर निगम अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। लोगों ने नगर निगम से मांग की है कि पाइपलाइन प्रेशर की जांच कर नियमित और साफ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

### वार्डवासियों की शिकायत पर नहीं दिया जा रहा ध्यान



#### आवारा मवेशियों का आतंक

इलाके में आवारा मवेशियों का आतंक भी बढ़ता जा रहा है। सड़क और गलियों में घूमते मवेशियों के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है। बुजुर्गों और बच्चों को खास दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार मवेशियों के कारण दुर्घटनाओं की स्थिति भी बन चुकी है। आवारा मवेशियों पर नियंत्रण के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग लोगों ने की है।

#### नई टंकी से राहत की उम्मीद



कन्या विद्यालय के पास नई पानी टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। टंकी का काम तेजी से किया जा रहा है और उम्मीद है कि गर्मी शुरू होने से पहले इसका निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। यह पानी टंकी तय समय पर बनकर चालू हो जाती है तो वार्ड में पानी की सप्लाई बेहतर होगी और वर्षों से चली आ रही समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है।

**-पी श्याम सुंदर राव,** पार्षद, बालाजी नगर, वार्ड 45 खुर्सीपार

# रामसर सूची में शामिल होने से जिले को मिलेगी वैश्विक पहचान : प्रज्ञा निर्वाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिले के एकमात्र वेटलैंड (आद्र भूमि) गिधवा परसदा विदेशी पक्षी विहार को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में अहम पहल करते हुए भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नव-नियुक्त जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखकर इसे रामसर कन्वेंशन के अंतर्गत शामिल करने की मांग की है। प्रज्ञा निर्वाणी ने पत्र में उल्लेख किया है कि प्रदेश में वर्तमान में केवल कोपरा जलाशय को ही रामसर साइट का दर्जा प्राप्त है, जबकि गिधवा परसदा जैव विविधता, प्रवासी पक्षियों और पारिस्थितिक संतुलन की दृष्टि से अंतरराष्ट्रीय मानकों पर पूरी तरह खरा उतरता है। उन्होंने कहा कि गिधवा परसदा जिले की इकोलॉजिकल लाइफलाइन है। रामसर साइट घोषित होने से इसे वैश्विक संरक्षण प्राप्त होगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पर्यटन को भी मजबूती मिलेगी। इस पूरे प्रयास में महिला शक्ति अग्रणी भूमिका निभाएगी।

- प्रज्ञा निर्वाणी ने गिधवा परसदा को रामसर साइट घोषित करने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को लिखा पत्र

### रामसर दर्जे से क्या बदलेगा

रामसर पैक्ट एक अंतरराष्ट्रीय समझौता है, जिसकी शुरुआत वर्ष 1971 में ईरान के रामसर शहर में हुई थी। इसका उद्देश्य झील, तालाब, दलदल और पक्षी विहार जैसी आद्र भूमियों का संरक्षण करना है। रामसर सूची में शामिल होने से गिधवा परसदा वैश्विक वेटलैंड नेटवर्क का हिस्सा बनेगा, जिससे अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों, शोधकर्ताओं और पर्यावरण संस्थाओं की सक्रियता बढ़ेगी और यह क्षेत्र जिले के प्रमुख इको-टूरिज्म केंद्र के रूप में विकसित हो सकेगा। वेटलैंड ऐसे क्षेत्र होते हैं जहां सतही या भूमिगत जल की निरंतर उपस्थिति रहती है। ये क्षेत्र बाढ़ नियंत्रण, भूजल रिचार्ज, जल शुद्धिकरण और जैव विविधता संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### वेटलैंड के प्रमुख लाभ

वेटलैंड भूजल स्तर बनाए रखने में सहायक होते हैं, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करते हैं, प्रवासी पक्षियों को प्राकृतिक आवास प्रदान करते हैं तथा स्थानीय जैव विविधता के संरक्षण के साथ-साथ इको-टूरिज्म और रोजगार के अवसर भी उत्पन्न करते हैं।

### 'वुमन फ़ॉर वेटलैंड' : महिला नेतृत्व में अभियान

प्रज्ञा निर्वाणी ने बताया कि वेटलैंड संरक्षण और जन-जागरूकता के उद्देश्य से जिले में 'वुमन फ़ॉर वेटलैंड' अभियान शुरू किया जा रहा है। इसके तहत ग्रामीण और शहरी महिलाओं को आद्र भूमि संरक्षण की गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कोपरा जलाशय संरक्षण में कार्यरत संस्था परिमल प्रयास के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आद्र भूमि संरक्षण के क्षेत्र में संस्था के अनुभवों को जिले में लागू किया जाएगा। इसके लिए मंडल स्तर पर सेमिनार आयोजित कर महिलाओं और युवतियों को अभियान से जोड़ा जाएगा। गिधवा परसदा को रामसर दर्जा मिलने से जिले में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ इको-टूरिज्म को नई दिशा मिलने की संभावना है।

## आरक्षक (जीडी) पद पर चयनित अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति आदेश



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग 2023–24 भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत दुर्ग रेंज के बेमेतरा जिले में रिक्त आरक्षक (जीडी) पद हेतु चयनित अभ्यर्थियों को आज नियुक्ति आदेश प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने दस्तावेज एवं चरित्र सत्यापन उपरांत 7 नवनियुक्त आरक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एसएसपी श्री साहू ने नवनियुक्त आरक्षकों को पूरी ईमानदारी, अनुशासन और निष्ठा के साथ आमजन की सेवा करने का संदेश दिया। उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने, सेवा भावना, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए पुलिस सेवा के उद्देश्य एवं दायित्वों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। नियुक्ति आदेश प्राप्त करने वाले नवनियुक्त आरक्षकों में रवि कुमार साहू, पोखन, प्रियंका चंद्रवंशी, विनीता यादव, उमा साहू, देवकुमार पटेल एवं धनंजय शामिल हैं। सभी चयनित अभ्यर्थियों में इस अवसर पर उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला। अब तक जिले में कुल 68 नवनियुक्त आरक्षकों को नियुक्ति आदेश प्रदान किए जा चुके हैं। कार्यक्रम में मुख्य लिपिक उपनिरीक्षक (अ) हरिओम विश्वकर्मा, प्रभारी स्टेनो संतोष सोनवानी, स्थापना/एसआरसी लिपिक सहायक उपनिरीक्षक (अ) महेन्द्र कुमार भुआर्य सहित पुलिस कार्यालय का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## ग्रामीण कनिष्ठ अभियंता ऋचा राय को दी गई भावभीनी विदाई



**बेमेतरा।** अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता सुश्री ऋचा राय का स्थानांतरण भिलाई हो जाने पर कार्यालय परिसर में धूमधाम से विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सुश्री राय पिछले चार वर्षों से क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही थीं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणजनों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य किया। ग्रामीणों ने कहा कि उनके कार्यकाल में समस्याओं का त्वरित समाधान होता रहा और किसी भी परेशानी को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निराकरण किया गया। विदाई समारोह के अवसर पर सहायक अभियंता गुलाब राम साहू सहित विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भिलाई में नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं।

## नराकास की काव्य पाठ प्रतियोगिता, हुए पुरस्कृत

**भिलाई।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग' के तत्वावधान में दि न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, मध्यम व्यवसाय कार्यालय भिलाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती, युवा दिवस के अवसर पर नराकास स्तरीय काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## संगीत महाविद्यालय में मकर संक्रांति मनाई गई

**दुर्ग।** नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय में मकर संक्रांति का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन महाविद्यालय द्वारा भारतीय परंपरा एवं संस्कृति को सहेजने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम के दौरान मकर संक्रांति पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा बताया गया कि यह पर्व सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का प्रतीक है, जो जीवन में सकारात्मकता, नई ऊर्जा, समृद्धि एवं सुख-शांति का संदेश देता है।

साथ ही पर्व से जुड़ी पौराणिक कथाओं एवं धार्मिक मान्यताओं की भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ऋचा ठाकुर के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।



आयोजन की संपूर्ण रूपरेखा एवं सफल संचालन में डॉ निधि वर्मा का योगदान रहा।इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा स्पैरो गौरैया संरक्षण विषय पर भी जागरूकता फैलाई गई। इसके अंतर्गत पर्यावरण संतुलन में पक्षियों की भूमिका और उनकी घटती संख्या पर चर्चा की गई।

## आईटीआई भिलाई में 19 को जॉब फेयर

**दुर्ग।** आदर्श शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), जीई रोड पावर हाउस भिलाई में सोमवार, 19 जनवरी को एक दिवसीय जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। इस जॉब फेयर में देश की प्रतिष्ठित कंपनियां केवल पुरुष वर्ग के लिए विभिन्न तकनीकी पदों पर भर्ती करेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी प्रातः 9.30 बजे से 11 बजे तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

## सड़क सुरक्षा माह कॉलेजों के छात्र-छात्राओं और चालकों को किया गया जागरूक

**दुर्ग।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का आयोजन 1 से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। इसी क्रम में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा जिले के विभिन्न कॉलेजों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित वाहन संचालन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में आम जनता एवं विद्यार्थियों के लर्निंग लाइसेंस भी बनाए जा रहे हैं। अब तक शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी, नवीन कॉलेज, खुर्सीपार, शासकीय आईटीआई पुलगांव, शासकीय महाविद्यालय पाटन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त दुर्ग बस स्टैंड में जिले के ई-रिक्शा एवं ऑटो चालकों को भी यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान आम जनता एवं छात्र-छात्राओं से हेलमेट पहनने, कार में सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति से वाहन चलाने, आपातकालीन सेवा वाहनों को रास्ता देने, ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने तथा वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रखने की अपील की गई। अधिकारियों ने नागरिकों से जिम्मेदार एवं नेक नागरिक बनकर यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया।



## प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के निर्माण को लेकर हुई समीक्षा

# स्वीकृति के बाद काम शुरू नहीं करने वालों की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों को लेकर जिला पंचायत के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक सीईओ बजरंग दुबे ने ली। दुबे ने कहा कि सप्ताह में तीन दिवस नोडल अधिकारी, पंचायत सचिव एवं आवास मित्र संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा के भीतर 90 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत जियो-टैगिंग सहित समस्त निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने की जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र की तय की गई। साथ ही जियो-ट्रैकिंग समय पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत किसी हितग्राही की मृत्यु की स्थिति में संबंधित प्रकरण तत्काल ग्राम पंचायत स्तर पर तैयार कर सचिव द्वारा शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि जिन हितग्राहियों द्वारा निर्माण कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है अथवा निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, उनके विरुद्ध आरआरसी प्रकरण दर्ज किया जाए। साथ ही अपूर्ण एवं प्रारंभ न किए गए निर्माण कार्यों के मामलों में राजस्व विभाग के माध्यम से वसूली की कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए।

- जिला पंचायत के सभागार में बैठक




### लापरवाह अधिकारी और कर्मचारियों को थमाया गया नोटिस

समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायत कोकड़ी के सचिव एवं रोजगार सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं ग्राम पंचायत झमेन्द्र के देखमुख बीओएफटी द्वारा 21 दिवस तक जियो-टैगिंग नहीं किए जाने पर वेतन रोकने की कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में अनुपस्थित रहने पर गौरव रामटेके एवं कृष्णा सिंघा, उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को नोटिस जारी करने तथा ग्राम पंचायत चिंगरी के सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सभी प्रमुख अधिकारी मौजूद थे।

## रिसामा में होगा पोल शिफ्टिंग का कार्य, राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विभिन्न विकास कार्यों के लिए कुल 29.40 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल द्वारा अनुशंसित इन कार्यों का संपादन संबंधित क्रियान्वयन एजेंसियों द्वारा किया जाएगा।

जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इसमें सहायक अभियंता ग्रामीण 1 सीएसपीडीसीएल दुर्ग के माध्यम से ग्राम रिसामा में ठाकुर देवता चिरपोटी एवं कातरो नाला तक तथा विभिन्न स्थलों पर विद्युत वितरण बुनियादी ढांचे में सुधार और पोल शिफ्टिंग कार्य के लिए 7.90 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग के माध्यम से भिलाई खुर्सीपार जोन-2 के बापू नगर वार्ड क्रमांक 44 में सामुदायिक कार्य शेड, बैठने हेतु ढका हुआ क्षेत्र और रसोई निर्माण के लिए 8 लाख रुपए तथा शास्त्री नगर वार्ड क्रमांक 50 स्थित वेद माता गायत्री प्रज्ञापीठ में ट्यूबवेल और बोरवेल खनन कार्य के लिए 1.50 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### पीएम श्री सेजेस पिपरिया में उमंग-उत्साह के साथ मनाया स्वामी विवेकानंद जयंती

**हरिभूमि पिपरिया।** पीएम श्री सेजेस पिपरिया द्वारा गत दिनों 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस के उत्सव को युवा दिवस के रूप मे मनाया गया, जिसमे शाला के सभी शिक्षक एवं प्राचार्य द्वारा उनके जीवन परिचय मे संछिप्त प्रकाश डाला गया और बच्चो को उन्हें आदर्श मानते हुए उनके उपदेशो को अपने जीवन मे साकार करते हुए जीवन मे सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम मे विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम 25 जनवरी को आयोजित होगी

**हरिभूमि कवर्धा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रानी दुर्गावती चौंक कवर्धा के सभाकक्ष में 25 जनवरी 2026 को 11 बजे से राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें युवा मतदाताओं को बैच से सम्मानित करने तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# जिला कांग्रेस व समस्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा अध्यक्ष नवीन जायसवाल एवं कवर्धा जिले के समस्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस संगठन को नई मजबूती, नई दिशा और आने वाले चुनावों के लिए सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। पूर्व केबिनेट मंत्री मो. अकबर को याद करके भावुक हुए नवीन जायसवाल ने कहा कि आज राजनीति में जो कुछ भी हूँ मो.अकबर भाई का आर्शीवाद है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की असली ताकत उसका संगठन और कार्यकर्ता हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि संगठन तभी मजबूत होगा जब वरिष्ठ पदाधिकारियों और वरिष्ठ कांग्रेस जनों का सम्मान पूरी निष्ठा के साथ किया जाएगा और हर छोटे-बड़े कार्यकर्ता को साथ लेकर चला जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल सत्ता की राजनीति नहीं करती, बल्कि जनता के अधिकार, न्याय और विकास की लड़ाई लड़ने वाली पार्टी है।

उन्होने कहा कि आगामी समय में संगठन को बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक और अधिक मजबूत किया जाएगा। हर कार्यकर्ता को उसकी क्षमता, मेहनत और निष्ठा के अनुसार संगठन में स्पष्ट दायित्व दिया जाएगा, ताकि वह पूरे मेहनत के साथ पार्टी के लिए कार्य कर सके। जिला अध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि संगठन की एकता और कार्यकर्ताओं की मेहनत से आगामी विधानसभा लोकसभा नगरी निकाय चुनावों में एंव जिले की दोनों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस पार्टी की प्रचंड जीत सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में पुनः कांग्रेस की सरकार बनेगी और केंद्र में भी कांग्रेस पार्टी जनता का विश्वास जीतकर सरकार बनाएगी। श्री जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के हर मुद्दे की आवाज है। किसान, मजदूर, युवा, महिला और आम नागरिक की समस्याओं को मजबूती से उठाते हुए कांग्रेस सशक्त विपक्ष की भूमिका निभा रही है और आगे भी जनहित की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ती रहेगी।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों का शपथ ग्रहण इस अवसर पर जिले के विभिन्न ब्लॉकों के नव-नियुक्त कांग्रेस अध्यक्षों ने भी अपने पद की शपथ ली। जिसमें शहर कांग्रेंस कमेटी कवर्धा अध्यक्ष अशोक सिहं ठाकुर, कवर्धा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बोड़ला छवि वर्मा, सहसपुर लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष सौखी साहू, रामपुर-ठाठापुर ब्लॉक अध्यक्ष चेतन वर्मा, कुण्डा ब्लॉक अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर, पंडरिया ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू एवं रेगाखार जंगल ब्लॉक अध्यक्ष प्रभाती मरकाम ने शपथ ग्रहण ली, जहां सभी ब्लॉक अध्यक्षों ने कहा कि वे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करेंगे, वरिष्ठ कांग्रेसियों के अनुभव का सम्मान करेंगे और वरिष्ठ नेताओं से मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे हर कार्यकर्ता को संगठन से जोड़कर जिम्मेदारी देंगे। उन्होंने एकजुट होकर आगामी चुनावों में कांग्रेस पार्टी को जीत दिलाने का भरोसा दिलाया। इस कार्यक्रम में प्रमुख कन्हैया अग्रवाल, ममता चंद्राकर, लालजी चंद्रवंशी, अर्जुन तिवारी, होरीराम साहू, अशोक सिंह, राधेलाल भास्कर, ईश्वर शरण वैष्णव, पारस बंगाली, वीरेन जांगड़े, जगमोहन साहू, गोपाल चंद्रवंशी, श्रीमती सीमा अगम, श्रीमती नारायणी तोंडे, मणिकांत त्रिपाठी, छवि वर्मा, घनश्याम साहू, चेतन वर्मा, सोखी साहू, प्रभाती मरकाम, मनीष शर्मा, गुरुदत्त शर्मा, रवि चंद्रवंशी, चंद्रभान कोसले, हितेश चंद्रवंशी, प्रदुम सेन, नारायण धुर्वे, राजेंद्र मारकंडे, लाल बहादुर चंद्रवंशी, भोला चंद्रवंशी सहित जिले भर से बड़ी संख्या में जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पदाधिकारी गणमान्य नागरिक एवं जेष्ट-श्रेष्ट कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।




### कांग्रेस संगठन की ताकत उनकी एकता व अनुशासन है

पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस संगठन की ताकत उसकी एकता और अनुशासन में है। उन्होंने कहा कि जब संगठन और कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करते हैं, तब कांग्रेस को कोई भी ताकत रोक नहीं सकती।

### कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता व हक और अधिकार की लड़ाई लड़ती आई है

पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ती आई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं, युवाओं और किसानों की भागीदारी से संगठन और अधिक मजबूत होगा और आगामी चुनावों में कांग्रेस को बड़ी सफलता मिलेगी।

### कांग्रेस कार्यकर्ता संघर्षशील व भाजपा की जनविरोधी

पूर्व प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता संघर्षशील हैं और भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है और संगठन पूरी तरह चुनाव के लिए तैयार है।

### शपथ ग्रहण समारोह कांग्रेस संगठन को मजबूती देने की नई शुरूआत

वरिष्ठ नेता लालजी चंद्रवंशी ने कहा कि यह शपथ ग्रहण समारोह केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कांग्रेस संगठन को मजबूती देने की नई शुरुआत है। उन्होंने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती, वरिष्ठ कांग्रेसियों के सम्मान, हर कार्यकर्ता को संगठन में दायित्व देने और आगामी चुनावों में कांग्रेस पार्टी को विजयी बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

## विजय शर्मा के प्रयासों से विभिन्न निर्माण व विकास कार्यों की सौगात

# कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में 5.15 करोड़ के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास को आगे बढ़ाते हुए शुक्रवार को 5 करोड़ 15 लाख 80 हजार की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इन कार्यों में सीसी सड़क निर्माण, नाली निर्माण तथा पुलिया निर्माण शामिल हैं। निर्माण कार्य पूर्ण होने पर क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को आवागमन में बेहतर सुविधा मिलेगी। इन विकास कार्यो की स्वीकृति उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के सतत प्रयासों से प्राप्त हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना मजबूत करने के उद्देश्य से स्वीकृत ये कार्य आने वाले समय में लोगों की दैनिक आवाजाही को सुगम बनाएंगे। आज क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा उक्त सभी निर्माण स्थलों पर विधिवत भूमिपूजन किया गया। जिस पर जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट ने भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के सतत प्रयासों से जिले का एक बड़ा सपना अब साकार होने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने बताया कि कवर्धा जिले की वर्षो से लंबित और बहुप्रतीक्षित मांग मेडिकल कॉलेज की स्थापना का कार्य अब शुरू हो गया है। मेडिकल कॉलेज निर्माण से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा, विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा युवाओं के लिए चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर खुलेंगे। उन्होने कहा कि हजार वर्षो से आस्था के एक प्रमुख केन्द्र के रूप में प्रसिद्ध बाबा भोरमदेव मंदिर के विकास के लिए भी पहल की गई है। उज्जैन और बनारस के तर्ज पर यहां भव्य कॉरिडोर निर्माण की योजना पर कार्य प्रारंभ हो चुका है। इस कॉरिडोर के बनने से भोरमदेव राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में और अधिक विकसित होगा, जिससे जिले के आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

### इन निर्माण कार्यों का हुआ भूमिपूजन

विकाखण्ड कवर्धा अंतर्गत ग्राम चमारी में 3 करोड़ 61 लाख की लागत से चमारी से सरईपतेरा तक 6.35 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। ग्राम तारों में 52 लाख 10 हजार की लागत से 1.10 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य, ग्राम लखनपुर में 5 लाख 20 हजार की लागत से शिव मंदिर के पास सड़क निर्माण कार्य, मुख्यमंत्री गौरव पथ योजना अंतर्गत 41 लाख 30 हजार की लागत से ग्राम दलसाटोला एवं लखनपुर में 41 लाख 30 हजार की लागत से सीसी सड़क सह नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया। इसके अलावा ग्राम डंगनिया में 15 लाख की लागत से पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जो कि ग्रामीणों के लिए आवागमन का मार्ग है। इन सड़कों तथा पुलिया के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सहुलियत होगी, इससे गांवों में सीसी रोड व नाली निर्माण से स्वच्छता, जल निकासी तथा आवागमन की सुविधा और बेहतर होगी।



# भगवान को पाने के लिए मिला है मानव तनः पं.आनंद उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत बड़े घुघरी-कवर्धा में आयोजित तीन दिवसीय मानस प्रवचन के पहले दिन पं आनंद उपाध्याय ने कहा कि मानव जीवन बहुत दुर्लभ है, भगवान की कृपा से प्राप्त होता है। इसका हमें सदुपयोग करना चाहिए, यह तन भगवान को पाने के लिए मिला है अपना कल्याण करने के लिए, मोक्ष प्राप्त करने के लिए यह मानव तन मिला है। यह मानव तन भगवान का भजन करने के लिए मिला है। भगवान की भक्ति करने के लिए मिला है। वहीं भगवान की कृपा से प्राप्त सत्संग द्वारा हमें विवेक की प्राप्ति होती है, विवेक से पता चलता है कि सत्य क्या है और असत्य क्या है। भगवान का भजन सत्य है भगवान सत्य हैं। विवेक के बिना भव-सागर से पार नहीं जाया जा सकता। कथा सत्संग द्वारा हमें यह ध्यान दिलाया जाता है कि संसार के कार्यो में भगवान को मत भूलो, भजन को मत भूलो समय निकाल कर भजन करो। सत्संग के ही प्रभाव से दासी पुत्र अगले जन्म में देवर्षि नारद बन जाते हैं यह सत्संग की ही महिमा है कि रत्नाकर डाकू सप्तर्षियों का संग पाकर के वाल्मीकि बन गए उल्टा भगवान का नाम जप करके भी वह भगवान के सामान बन जाते हैं। सत्संग के प्रभाव से सब सुधर जाता है, जैसे पारस पत्थर के स्पर्श से लोहा सोना बन जाता है वही सत्संग के द्वारा हमारा जीवन बदल जाता है मंगलमय और कल्याणमय में हो जाता है। भोजन करना, सोना व संतान उत्पन्न करना यह पशु भी करता है धर्म ही हमारे जीवन में ऐसा तत्व है जो मनुष्य को पशुओं से श्रेष्ठ बनाता है धर्माचरण के द्वारा धर्म के पालन के द्वारा ही हम श्रेष्ठ बनते हैं और सफलता प्राप्त करते हैं।

### छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन की हड़ताल आज

**हरिभूमि कवर्धा।** मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन कबीरधाम के जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा के नेतृत्व में चार सूत्री मांगों को लेकर सभी सहायक शिक्षक शनिवार को हड़ताल किया जाएगा। जिसमें छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर जिसमें मोदी के गारंटी के तहत किए गए वादों को लागू कराने सहायक शिक्षकों की लंबित वेतन विसंगति को दूर करने एवं क्रमोन्नत वेतनमान देने एवं टीआईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने और वीएसके ऐप के माध्यम ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा के नेतृत्व मे एक दिवसीय आंदोलन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष ने बताया है कि सरकार बार-बार दिए जाने के बावजूद सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति अब दूर नहीं की गई है जिससे हजारों शिक्षक आर्थिक एवं मानसिक रूप से प्रभावित है। जिसके कारण आज हजारों शिक्षक शाला बंद करके हड़ताल में शामिल होने जाने रहे है। जिससे जिले के सभी स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। जिलाध्यक्ष ने चारों ब्लॉकों के ब्लॉक अध्यक्षों को शिक्षकों को हड़ताल स्थल राजमहल चौक दुर्गा मंदिर प्रांगण में सभी ब्लॉक अध्यक्ष शिक्षकों से उन्हें हड़ताल पर रहने के लिए और इस हड़ताल को सफल बनाने के लिए प्रेरित कर रहे है। सभी शिक्षकों को 17 जनवरी शनिवार को सामूहिक रूप से अवकाश लेकर हड़ताल में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जिले के हजारों शिक्षक का इस आंदोलन में शामिल रहने की उम्मीद है। इस आंदोलन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा, कवर्धा ब्लॉक अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह चंद्रवंशी, लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष राजेश मिश्रा, पंडरिया ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिंह ठाकुर, बोड़ला ब्लॉक अध्यक्ष धरमू कुर्रे और सभी पदाधिकारी करेगें।

### पोंड़ी में कृषि विज्ञान केंद्र कवर्धा एवं साइटोलाइफ एग्रीटेक मुंबई द्वारा एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम

**हरिभूमि कवर्धा।** कृषि विज्ञान केंद्र, कवर्धा एवं साइटोलाइफ एग्रीटेक मुंबई के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पोंड़ी में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों, फसल रोग प्रबंधन एवं मिट्टी स्वास्थ्य सुधार संबंधी जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान कृषकों के खेतों की मिट्टी का परीक्षण किया गया तथा मिट्टी जांच रिपोर्ट के आधार पर उचित अनुशंसा प्रदान की गई। कृषि विज्ञान केंद्र कवर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ बीपी त्रिपाठी ने गन्ना फसल में लगने वाले प्रमुख रोगों, गन्ने का लाल सड़न, चाबुक कंडवा तथा तना छेदक कीट के समन्वित प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने गन्ने के लाल सड़न रोग की रोकथाम हेतु टेबुकोनाजोल से बीज उपचार सहित विभिन्न वैज्ञानिक उपाय किसानों को समझाए। कार्यक्रम में डॉ बी एस परिहार ने गन्ने की उन्नत किस्मों, सस्य क्रियाओं, उर्वरक प्रबंधन, तथा खरपतवार नियंत्रण की तकनीकों के बारे में किसानों को जागरूक किया। इस अवसर पर साइटोलाइफ एग्रीटेक, मुंबई के सीईओं डॉ अमित त्रिपाठी ने स्वयं उपस्थित होकर किसानों को प्रशिक्षण दिया।

## कुआंमालगी रहवासियों को नहीं मिल पा रही मूलभूत सुविधाएं

# आंगनबाड़ी व स्कूल भवन का आभाव, बच्चों की पढ़ाई-लिखाई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कुआंमालगी में आज भी ग्रामीणों को मूलभूत शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वर्षो से मांग के बावजूद शासन-प्रशासन व जनप्रतिनिधियों द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे छोटे बच्चों से लेकर स्कूली छात्र-छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुआंमालगी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 एवं 02 संचालित हैं, लेकिन आंगनबाड़ी भवन का निर्माण नहीं होने के कारण दोनों केंद्र आज भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के निजी आवास पर संचालित किए जा रहे हैं।



इससे बच्चों को न तो सुरक्षित वातावरण मिल पा रहा है और न ही शासन प्रशासन की योजनाओं का पूर्ण लाभ। वहीं दूसरी ओर शासकीय प्राथमिक शाला कुआंमालगी का भवन जर्जर स्थिति में होने के कारण पूरी तरह से बंद पड़ा हुआ है। इसके चलते बच्चों को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में दो पालियों में पढ़ाई-लिखाई करने मजबूर होना पड़ रहा है। सीमित कक्षाओं और संसाधनों के अभाव में विद्यार्थियों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि कई वर्षो से शासन-प्रशासन, जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को कई बार शिकवा-शिकायत तथा ज्ञापन एवं मौखिक जानकारी देते आ रहे हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई व कार्यवाही नहीं हुई है, इससे पालक गणों व ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जिस पर पालकगणों ने शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देने तथा आंगनबाड़ी व शासकीय प्राथमिक शाला नव-निर्माण कार्य की मांग की गई ताकि कुआंमालगी व क्षेत्र के नन्हे-मुन्हे बच्चों व विद्यार्थियों को सुविधा व शिक्षा लाभ मिल सकें।

# राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी से लौटे स्काउट्स का विद्यालय में हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पोंड़ी

भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी का आयोजन 9 से 13 जनवरी तक बालोद में संपन्न हुआ। इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में जिले से चैतन्य हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल के चार स्काउट विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए जिले का प्रतिनिधित्व किया और उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया। जंबूरी के समापन उपरांत 13 जनवरी को विद्यार्थियों की विद्यालय में सकुशल वापसी पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जंबूरी के दौरान विभिन्न एडवेंचर गतिविधियों में अर्जित बैच विद्यार्थियों को सम्मान स्वरूप प्रदान किए गए।



विद्यालय के प्राचार्य संजय राय, उपप्राचार्य पूनम दास साहू एवं हेडमास्टर सुदर्शन यादव का बीआर कुर्रे द्वारा स्काउट विद्यार्थियों को बैच लगाकर सम्मानित किया गया, जिससे विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन हुआ। जंबूरी के दौरान विद्यार्थियों को देश के विभिन्न राज्यों एवं अलग-अलग देशों की संस्कृति, रहन-सहन, अनुशासन तथा जीवन मूल्यों को जानने का अवसर मिला। साथ ही उन्होंने वहां आयोजित विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं साहसिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की। विद्यालय लौटने के बाद विद्यार्थियों ने अपने अनुभव अन्य छात्राओं के साथ साझा किए, जो सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय संदेश सिद्ध हुए। इस संपूर्ण उपलब्धि में चैतन्य हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल के स्काउट मास्टर लल्ला यादव की अहम भूमिका रही, जिनके मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं नेतृत्व में विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय एवं जिले का नाम रौशन किया। विद्यालय परिवार ने स्काउट मास्टर एवं सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।



## खबर संक्षेप

### ज्वेलर्स दुकान में चोरी का प्रयास, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** जामुल थाना पुलिस ने ज्वेलर्स दुकान में चोरी का प्रयास करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी संजय ठाकुर व आशीष वर्मा के खिलाफ धारा 331 (4), 305, 62 बीएनएस की कार्रवाई कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है। आरोपियों से सब्बल और लोहे की रॉड जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी गोपाल चौरसिया निवासी हाउसिंग बोर्ड ने थाना जामुल में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि कैलाश नगर मोहनी मंगल के बगल में उनका चौरसिया ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। 14 जनवरी को पड़ोसियों ने फोनकर बताया कि दुकान से अवाजे आ रही है। पुलिस की गाड़ी को आता देख संदेही भागने का प्रयास करने लगे।

### 15 लाख के बकाया पर होटल मालवा सील

**दुर्ग।** आयुक्त सुमित अग्रवाल के सख्त निर्देशों के बाद नगर निगम का राजस्व अमला बड़े बकायादारों एवं बिना लाइसेंस व्यापार करने वालों पर लगातार शिकंजा कस रहा है। इसी क्रम में शहर के मालवा होटल पर आज बड़ी कार्रवाई की गई। निगम रिकॉर्ड के अनुसार मालवा होटल पर लगभग 15 लाख रुपये का कर वर्षों से बकाया है। इसके अलावा होटल द्वारा बिना वैध अनुमति, व्यवसाय लाइसेंस के संचालन किया जा रहा था। बकाया कर वसूली एवं नियमों के उल्लंघन को लेकर राजस्व अमला आज सीलिंग की कार्रवाई करने मौके पर पहुंचा। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा। होटल प्रबंधन की ओर से बकाया राशि जमा करने के लिए समय की मांग की गई, जिस पर अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमानुसार तत्काल भुगतान या वैधानिक प्रक्रिया पूरी करना अनिवार्य है। सुमित अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में बकाया कर नहीं चुकाने वाले एवं बिना लाइसेंस व्यापार करने वालों के खिलाफ किसी भी प्रकार की ढील नहीं दी जाएगी।

### हत्या का फरार आरोपी पकड़ा गया, अब तक 11 भेजे गए जेल

**दुर्ग।** थाना सिटी कोतवाली दुर्ग ने हत्या के मामले में फरार एक और आरोपी धनराज सेन उर्फ धन्नु को पकड़ने में सफलता पाई है। इस मामले में अब तक कुल 11 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वहीं एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार प्रार्थिया वी रानी सोनी निवासी शीतला नगर वार्ड-5 ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका पति वेदुरवाडा संतोष आचारी सोना चादी और ब्याज पर रुपये देने का काम करता था। दादू सोनी को उसके पति ने कुछ रुपए दिए थे जो काफी दिनों से वापस नहीं कर रहा था। विगत 7 नवंबर को प्रार्थिया के पति ने फोन कर बताया कि दादू सोनी से पैसा मांगने की बात पर विवाद हो गया है। दादू सोनी का लड़का अपने साथियों के साथ मिलकर वाद-विवाद किया है। अलगे दिन अस्पताल से सूचना मिली की पति की हत्या हो गई है।

# लाइन स्टाफ को विद्युत सुरक्षा मानकों और उपकरणों के सही उपयोग पर प्रशिक्षण

## शून्य विद्युत दुर्घटना लक्ष्य के लिए सतर्कता और अनुशासन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

संभाग अंतर्गत नांदघाट वितरण केंद्र में वि.के. इंस्पेक्शन के साथ-साथ विद्युत सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्युत लाइन में कार्यरत कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी देना तथा कार्य के दौरान होने वाली विद्युत दुर्घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करना रहा। कार्यशाला में नांदघाट एवं मारो वितरण केंद्र में पदस्थ समस्त लाइन स्टाफ को विद्युत लाइनों पर कार्य करते समय बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से समझाया गया। विशेषज्ञों द्वारा डिस्चार्ज रॉड, सेफ्टी दस्ताना, डीओ ऑपरेटिंग रॉड, सेफ्टी बेल्ट सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों के सही उपयोग एवं उनके उचित रखरखाव की बारीक जानकारियां दी गईं। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने लाइन स्टाफ को यह भी बताया कि कार्य के दौरान स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ अपने सहकर्मियों एवं आम नागरिकों को विद्युत दुर्घटनाओं से बचाना अत्यंत आवश्यक है। शून्य विद्युत दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु सतर्कता, अनुशासन एवं सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि विद्युत कार्य अत्यंत जोखिमपूर्ण होता है, इसलिए सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग किया जाना चाहिए। ऐसी कार्यशालाएं कर्मचारियों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सुरक्षित कार्य संस्कृति को मजबूत करती हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी लाइन स्टाफ ने विद्युत सुरक्षा नियमों का पूर्ण पालन करने का संकल्प लिया।



### ये रहे उपस्थित

कार्यशाला में अतिरिक्त मुख्य अभियंता एच.के. मेश्राम (कार्या. मुख्य अभियंता, दुर्ग क्षेत्र), अधीक्षण अभियंता (कार्य.) एस. मनोज (मुख्य अभियंता, दुर्ग क्षेत्र), कार्यपालन अभियंता अनसुईया ठाकुर (कार्या. मुख्य अभियंता, दुर्ग क्षेत्र), जे.एस. भटनागर कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग बेमेतरा, सहायक अभियंता नवीन वर्मा (नवागढ़ उपसंभाग) एवं कनिष्ठ अभियंता हरीश फर्वी (नांदघाट वितरण केंद्र) सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समाज की एकता, शिक्षा और संस्कृति पर प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव ने की विस्तृत चर्चा

# झांकी जोगीधाम में नवागढ़ राज ने आयोजित किया जिला स्तरीय झेरिया यादव सम्मेलन व मड़ई मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने मड़ई को समाज की समृद्ध संस्कृति करार दिया, आर्थिक सहायता की घोषणा

झांकी स्थित जोगीधाम में नवागढ़ राज द्वारा जिला स्तरीय झेरिया यादव सम्मेलन एवं मड़ई मेला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, वहीं छग झेरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष युवराज सिंह ठाकुर एवं समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष भगत यादव ने की। प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव ने समाज के आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक विकास पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि दो रोटी कम खाओ, पर अपने बच्चों को पढ़ाओ। शिक्षा ही समाज को हर दिशा में आगे बढ़ा सकती है। उन्होंने समाज में अनावश्यक दिखावे से बचने की अपील करते हुए कहा कि दिखावे की प्रवृत्ति से आर्थिक कमजोरी बढ़ती है, जिसका सीधा असर सामाजिक और राजनीतिक विकास पर पड़ता है। उन्होंने जानकारी दी कि रायपुर में गरीब तबके के बच्चों के लिए झेरिया यादव समाज द्वारा निःशुल्क हॉस्टल व्यवस्था की गई है, जहाँ विद्यार्थी रहकर पढ़ाई कर सकते हैं। उच्च शिक्षा में आर्थिक कमजोरी के कारण बाधा आने पर समाज द्वारा सहयोग की भी घोषणा की गई।



### ये हुए शामिल

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष खोरबहरा साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सोम ठाकुर, मोहन ठाकुर, सियाराम ध्रुव, हेमलाल घृतलहरे, समाज के प्रमुख सदस्यों पंचू यादव, धरम यादव, सुंदर यादव, चेतन यादव, शेखर यादव, रमेश यादव, अरुण यादव, अभिषेक यादव, रोशन यादव, अमित यादव, गुहाराम यादव, विजय यादव, अश्वनी यादव, परमेश्वर यादव, दसरथ यादव सहित जिले व राज्य के अनेक समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला अध्यक्ष हेमकांत यादव द्वारा किया गया।

**मड़ई है यादवों की समृद्ध संस्कृति: मंत्री बघेल :** मुख्य अतिथि मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि मड़ई यादवों की समृद्ध संस्कृति है, जो पूरे प्रदेश में सामाजिक एकता और भाईचारा बढ़ाने का कार्य करती है। झांकी का मड़ई आयोजन पिछले 30 वर्षों से लगातार हो रहा है, जो समाज की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने समाज के बर्तन खरीदने एवं आयोजन के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा करते हुए कहा कि सरकार हर समाज की संस्कृति को संरक्षित करने व बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। राजनीतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजू यादव ने मंच पर मौजूद महिला जनप्रतिनिधियों की सराहना करते हुए कहा कि बेमेतरा जिले में महिलाओं की भूमिका मजबूत हो रही है, जिससे समाज का सम्मान बढ़ रहा है। वहीं रामशरण यादव ने सामाजिक एकता को विकास का मूल आधार बताते हुए कहा कि मधुमक्खी छोटी होती है, पर झुंड में होती है तो बड़ी ताकत पैदा करती है। उसी प्रकार समाज की एकता बड़ी शक्ति है। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष उर्मिला यादव एवं बेमेतरा महिला सामाजिक अध्यक्ष कुंती यादव ने सामाजिक एवं पारिवारिक आयोजनों में शराबबंदी का कड़ाई से पालन करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे युवराज सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि झांकी जोगीधाम का मड़ई मेला हमारी पहचान है। छात्र जीवन से यहाँ आते रहे हैं और आज अतिथि के रूप में मंच साझा करना गौरव की बात है। उन्होंने मड़ई में शामिल विभिन्न बाजा गोल दलों को 2100 रुपए से सम्मानित भी किया। सम्मेलन में समाज के बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं।

# बेरला पॉलिटेक्निक में राष्ट्रव्यापी जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग, अटल नगर रायपुर एवं छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के निर्देशानुसार शासकीय पॉलिटेक्निक बेरला में एचआईवी और एड्स के प्रति राष्ट्रव्यापी जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को इस गंभीर संक्रमण के प्रति जागरूक करना और निवारण के उपायों से अवगत कराना था।

कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान परिसर से एक विशाल जागरूकता रैली के साथ हुई। यह रैली संस्थान से निकलकर स्थानीय सार्वजनिक स्थलों, मुख्य बाजार और परशुराम चौक तक पहुँची। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं और स्वयंसेवकों ने नारों और तख्तियों के माध्यम से आम नागरिकों को एचआईवी संक्रमण से बचाव और सावधानी बरतने का संदेश दिया। भ्रमण के पश्चात रैली पुनः संस्थान परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। इस आयोजन में संस्थान के रेड रिबन क्लब और एनएसएस स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी अध्यक्ष डॉ. जगपाल बल सिंह एवं सहायक प्रभारी प्रीमेंद्र कुमार देशलहरे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### संस्थान के अधिकारी व कर्मचारी रहे उपस्थित

जागरूकता अभियान में प्राचार्य टी.वी. दीक्षित सहित गौरव गुप्ता, हरिशंकर स्वर्णकार, दीक्षित आर्य, दिव्यांश चंद्रवंशी, राम कुमार साहू, छत्रपाल डड़सेना, दानेशवर ताम्रकार, अनिल सोनी, बाहोरिक साहू, वंदना जालान, आकांक्षा शुक्ला, डॉ. दीक्षा तिवारी, होरीलाल पटेल, काजल कुर्रे, नूतन साहू, दिव्या वर्मा, चुम्मन टंडन, अजय रात्रे, और भूपत साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। संस्थान के समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने एकजुट होकर जनमानस को एचआईवी व एड्स जैसे रोगों के प्रति सचेत रहने की शपथ दिलाई।

# गुरुकुल विद्यालय में ओपन देशभक्ति नृत्य स्पर्धा 23 को

**नवागढ़।** गुरुकुल विद्यालय स्कूल पारा नवागढ़ में 22 और 23 जनवरी को दो दिवसीय विशेष सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को राम मंदिर निर्माण की तृतीय वर्षगांठ पर राम नाम लेखन प्रतियोगिता तथा शुक्रवार को नियमित ध्वजारोहण की दसवीं वर्षगांठ के अवसर पर नगर स्तरीय देशभक्ति नृत्य प्रतियोगिता आयोजित होगी।

विद्यालय संचालक राजेश धर दीवान ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 जनवरी को प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक राम नाम लेखन प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसमें भाग लेने वालों को विद्यालय की ओर से निःशुल्क राम नाम लेखन पुस्तिका और पेन उपलब्ध कराया जाएगा। सभी आयु वर्ग के लोगों को इसमें भाग लेने का निमंत्रण है और किसी भी प्रकार की आयु या वर्ग की बाध्यता नहीं रखी गई है। प्रतियोगिता में सर्वाधिक राम नाम लिखने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। परिणाम की घोषणा 22 जनवरी को ही की जाएगी और पुरस्कार वितरण 23 जनवरी को भव्य समारोह में किया जाएगा।

**ध्वजारोहण की मनाई जाएगी दसवीं वर्षगांठ :** 23 जनवरी शुक्रवार को गुरुकुल विद्यालय में नियमित ध्वजारोहण की दसवीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। वर्ष 2016 से प्रतिदिन विद्यालय में सुबह ससम्मान ध्वजारोहण और सूर्यास्त पर ध्वज अवतरण की परंपरा स्थापित है, जिसकी निरंतरता का यह दसवां वर्ष है। इस अवसर पर नगर के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के बीच सामूहिक देशभक्ति नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा।

### आयोजन को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल

नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समूहों को विशेष ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। साथ ही सभी प्रतिभागी दलों को भी एक-एक कप तथा सभी छात्रों को उपहार दिए जाएंगे। पुरस्कार वितरण का कार्य कार्यक्रम में आमंत्रित विशेष अतिथियों द्वारा किया जाएगा। विद्यालय परिसर एवं विद्यार्थियों में इन दोनों आयोजनों को लेकर उत्साह का माहौल है। संचालक राजेश धर दीवान ने नवागढ़ के सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे सह परिवार कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाएं। विस्तृत जानकारी एवं प्रतिभाग के लिए इच्छुक व्यक्ति विद्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# तीसरे वर्ष भी भव्यता से सजेगी गंगा महाआरती 22 जनवरी को मां भद्रकाली तालाब में होगा

## नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने लिया तैयारियों का जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- व्यवस्थाओं को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

नगर में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बन चुकी गंगा महाआरती का आयोजन इस वर्ष तीसरे वर्ष के अवसर पर और भी भव्य रूप में किया जाएगा। आगामी 22 जनवरी को माँ भद्रकाली तालाब में श्रद्धा, आस्था और दिव्यता के साथ गंगा महाआरती संपन्न होगी। आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है और नगर पालिका द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने हेतु नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने माँ भद्रकाली तालाब परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, मंच एवं घाट सज्जा सहित श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि गंगा महाआरती केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का भी प्रतीक है। तीसरे वर्ष के इस आयोजन को पहले से अधिक सुव्यवस्थित, भव्य और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने के लिए नगर पालिका द्वारा हर स्तर पर तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रकाश, स्वच्छता, यातायात और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्ण वातावरण में महाआरती का लाभ ले सकें।

### नागरिकों से की सहभागिता की अपील

उन्होंने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में परिवार सहित उपस्थित होकर गंगा महाआरती में सहभागी बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सहभागिता से ही इस आयोजन की गरिमा और भव्यता और बढ़ेगी। सभी ने आयोजन को सफल बनाने हेतु सहयोग का भरोसा दिलाया। उल्लेखनीय है कि गंगा महाआरती पिछले दो वर्षों में नगर की प्रमुख धार्मिक पहचान बन चुकी है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। इस वर्ष भी भव्य सजावट, वैदिक मंत्रोच्चार और दिव्य वातावरण के बीच गंगा महाआरती संपन्न होने की उम्मीद है। **निरीक्षण में ये रहे उपस्थित:** निरीक्षण के दौरान माँ कालिका समिति के सदस्य अमरीका निर्मलकर, किसान नेता हर्षवर्धन तिवारी, गौरव साहू, आकिब मालकानी, विजय लखानी सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राजस्व विभाग अतिक्रमण रोकने में फेल गहमा गहमी के बीच हुआ नहर सीमांकन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा

सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण हटाने के मामले में प्रशासन पूरी तरह फेल नजर आ रहा है, जिसका नतीजा शहर में आपसी द्वंद्व बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को वार्ड नंबर 14 में नहर का सीमांकन किया गया। भारी गहमागहमी के बीच महामाया मंदिर से 200 मीटर नहर का सीमांकन किया गया। वार्ड नंबर 14 में पार्षद निधि से काम कराने को लेकर पार्षद गोपाल वर्मा ने जगह चिन्हांकित की थी, जिस पर किसान मनीष वर्मा ने अपनी जमीन बताते हुए आपत्ति दर्ज कराई। विवाद यही से शुरू हुआ। मामला तहसीलदार के पास भी पहुंचा। पटवारी ने उक्त जमीन को घास भूमि बताया, लेकिन स्पष्ट फैसला नहीं होने के चलते विवाद बढ़ गया। फैसला के कुछ दिन बाद मनीष वर्मा द्वारा उक्त जमीन पर जेसीबी चलवाने से मौहोल फिर गर्म हुआ।

शुक्रवार को नहर नाली के सीमांकन के लिए राजस्व विभाग के पटवारी टीकम देवांगन, आर आई टंडन, जल संसाधन विभाग से अमीन मौका स्थल पर पहुंचकर जगह का सीमांकन करते हुए नहर की सीमा का निशान लगाया। लंबे समय से नहर का सीमांकन को लेकर मांग उठती रही है, लेकिन नहर पूरी तरह अतिक्रमण की चपेट में आ चुका है और नामोनिशान मिट चुका है। सीमांकन के बाद पटवारी ने पंचनामा करवाया। नहर के आगे का सीमांकन दो दिन बाद किए जाने का भरोसा दिया। आज नहर का सीमांकन को लेकर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा रही। अतिक्रमण के मामलों में प्रशासन की सुस्ती के चलते गांव-गांव में तनाव फैलने लगा है।

सरकारी जलाशय भी पूरी तरह अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुका है। मुख्यमंत्री तक शिकायत होने के बावजूद किसी भी विभाग ने इसके मुक्त करने में कोई पहल नहीं की यदि समय रहते, अतिक्रमण की मामलों को नहीं सुलझाया गया तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है। राजस्व विभाग न अतिक्रमण रोक पा रहा है ना कार्रवाई कर रहा है, जिसके चलते गांव से लेकर शहर तक स्थिति खराब हो रही है। सीमांकन के मौके पर शौर्य जीत सिंह, पार्षद कमल राजपूत, आशीष वर्मा, गोपाल वर्मा, पूर्व पार्षद प्रकाश सिन्हा, अवधेश गोयल, राजा चौबे, मनीष वर्मा सहित भारी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

### तहसीलदार ने शांत कराया मामला

घटना स्थल पर स्वयं तहसीलदार निरीक्षण करने पहुंचे थे, जहां जेसीबी चल रही थी, उसे तत्काल रुकवाया गया और मामला शांत किया गया। गुरुवार के दिन मनीष वर्मा ने महामाया मंदिर के सामने सागौन काटे जाने की शिकायत एसडीएम से की, जिस पर फॉरेस्ट की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन स्पष्ट नहीं हो पाया की पेड़ कब काटे गए हैं। जिस स्थल की शिकायत की गई, वह पार्षद गोपाल वर्मा के परिवार की है। शिकायत सही है या गलत यह तो जांच के बाद पता चलेगा। माहौल गर्म था।





